# रक्तदान शिविर में 96 यूनिट रक्त संग्रहित




**मझौली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), मझौली में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल मानवता की सेवा का प्रतीक बना, बल्कि क्षेत्रवासियों में सेवा और जागरूकता की अलख भी जगाई। शिविर में कुल 96 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर एक अद्भुत मिसाल पेश की। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि हर वर्ग के लोग युवाओं से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस शिविर के सफल संचालन में सीएचसी मझौली के प्रभारी डॉ. दीपक गायकवाड़ की अहम भूमिका रही। उन्होंने शिविर की संपूर्ण व्यवस्थाओं की निगरानी की और स्वास्थ्यकर्मियों की टीम का कुशल नेतृत्व किया। डॉ. गायकवाड़ स्वयं पूरे आयोजन के दौरान उपस्थित रहे और रक्तदाताओं से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया।

शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम, स्थानीय समाजसेवी संगठनों और स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने समर्पण भाव से योगदान दिया। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजन के अंत में चाय, अल्पाहार और स्वास्थ्य परामर्श भी प्रदान किया गया।

## सेवा और स्वच्छता कर मनाया प्रधानमंत्री का जन्म दिवस




बरेला। भारतीय जनता पार्टी बरेला मंडल के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरेला में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा शिविर में आए हुए लोगों की जांच की गई एवं उनके स्वास्थ्य के लिए उचित परामर्श दिए गया। महिलाओं के लिए भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसी क्रम में दादा दरबार बरेला में नगर परिषद बरेला के सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया गया एवं नगर परिषद परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में मंडल प्रभारी सर्वेश मिश्रा, नगर परिषद बरेला के अध्यक्ष प्रतीक दूबे, मंडल अध्यक्ष अर्पित जैन,डॉक्टर नेहा पाण्डेय,डॉक्टर भारती सिंह,पार्षद पिंकी पटेल जी, सोनू सोनकर,चंदन सिंह पटेल,मुनि विश्वकर्मा, मयंक साहू,प्रवेश पटेल,शेरा जैन,अतीक बर्मन, कृष्णा बर्मन,राजकुमार पटेल,दीपक सोनकर, नितिन सोनी,तनय अग्रवाल,यश ठाकुर,सहित बड़ी संख्या में नगरवासी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# मॉक ड्रिल कर परखी गई व्यवस्था




**जबलपुर, नवभारत।** केबल कार (रोप-वे) आपात स्थिति पर एनडीआरएफ का ज़िला प्रशासन के साथ लगातार संयुक्त मॉक अभ्यास जारी केबल कार (रोप-वे) का आमतौर पर प्रयोग पहाड़ी इलाकों में आवागमन सुगम बनाने के लिए किया जाता है। रोपवे को भारत के पर्वतीय प्रदेशों में आने वाले समय का नया ट्रांसपोर्ट सिस्टम बनाने के दिशा मे कार्य चल रहा है।

पर्वतमाला प्रोजेक्ट के प्रमुख रूट पर रोपवे बनने से हर घंटे मे लगभग आठ हजार यात्री सफर करते हैं। भारत में पिछले वर्ष झारखंड के देवघर स्थित त्रिकूट रोपवे हादसे से पहले, रोपवे को लेकर इतना बड़ा हादसा कभी नहीं हुआ था। इसे ध्यान मे रखते हुए आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन योजना के तहत एनडीआरएफ के द्वारा देश भर मे केबल कार (रोप-वे) आपात स्थिति पर ज़िला प्रशासन के साथ लगातार संयुक्त मॉक अभ्यास किया जा रहा हैं। उसी कड़ी में दिनांक 16 सितंबर को मनोज कुमार शर्मा, उप महानिरीक्षक, 11 एनडीआरएफ वाराणसी के दिशा-निर्देशन मे एवं एस एस सिकन्दर, सहायक कमांडेंट की देखरेख मे नर्मदा रोपवे प्राइवेट लिमिटेड, जबलपुर में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं नर्मदा धारा रोपवे प्राइवेट लिमिटेड, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस, जबलपुर होमगार्ड, पुलिस, चिकित्सा विभाग, अग्निशमन विभाग और नर्मदा रोपवे सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के साथ संयुक्त रूप से केबल कार आपात स्थिति पर 11 एनडीआरएफ की प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम द्वारा एक मॉक अभ्यास आयोजित किया गया। मॉक एक्सरसाइज के दौरान केबल कार इमरजेंसी पर एक परिदृश्य चित्रित किया गया, जिसमें नर्मदा रोपवे, जिला-जबलपुर के दो केबल कारें जमीन से 55 फीट की ऊंचाई पर रस्सी से टकरा गई हैं और ये दो कारें किसी तकनीकी समस्या के कारण रोपवे पर नहीं जा सकीं और कारों के अंदर यात्री फंस गए थे ।

# श्री रामलीला के 100 साल

▸ ग्राम सगड़ा- झपनी में श्री दुर्गाउत्सव रामलीला समिति के द्वारा शताब्दी समारोह वर्ष की तैयारी जोरों पर



**जबलपुर ।** समीपस्थ ग्राम सगड़ा -झपनी मैं श्री दुर्गा उत्सव रामलीला समिति के द्वारा 100 वर्षों से लगातार नवरात्र के अवसर पर श्री रामलीला का मंचन करवाया जा रहा है। समिति के अखिलेश उपाध्याय सोनू और मनीष उपाध्याय ने बताया कि इस समय यहां पर बड़े पैमाने पर जोर-शोर से तैयारी चल रही हैं। समिति के सदस्यों के द्वारा थर्माकोल से निर्मित मंदिर भी बनाया जा रहा है। विशेष लाइटिंग की भी व्यवस्था समिति के सदस्यों के द्वारा की जा रही है। रामलीला देखने आने वाले सभी श्रद्धालुओं भक्तों को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो इसके लिए समिति के प्रत्येक सदस्य अपनी-अपनी व्यवस्थाएं संभालने के लिए तैयारी में जुट गए हैं। इस बार श्री रामलीला के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस उपलक्ष में समिति के द्वारा शताब्दी वर्ष समारोह मनाया जाएगा। गत दिवस हुई समिति के सदस्यों की आवश्यक बैठक संपन्न हुई। समिति के सदस्यों ने बताया कि नवरात्रि के पावन पर्व पर होने वाली इस रामलीला के संबंध में और माता रानी के आगमन को लेकर चल रही विशेष तैयारी के संबंध में चर्चा कीगई। समिति के सदस्य कृष्ण कुमार अवस्थी ,सोनू, मनीष उपाध्याय, प्रदीप बर्मन आदि अन्य सदस्यों ने बताया कि 22 सितंबर 2025 को दोपहर 12:00 बजे दीक्षित पूरा से माता रानी की प्रतिमा को समिति के सदस्य और समस्त क्षेत्रवासी, ग्राम वासियों के द्वारा माता की प्रतिमा को श्याम बैंड की धूनो के साथ नाचते गाते ग्राम सगड़ा- झपनी लाया जाएगा।

रास्ते में जगह-जगह से इस भव्य यात्रा का स्वागत किया जाएगा। इसके साथ ही 23 सितंबर 2025 से रामलीला के प्रथम दिन भगवान का मुकुट पूजन किया जाएगा और श्री रामलीला की शुरुआत की जाएगी। 25 सितंबर 2025 की रात्रि 9:00 बजे से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राजा रामचंद्र जी की विभिन्न और दिव्य लीलाओं का मंचन नवरात्रि के बाकी के दिनों में किया जाएगा।



# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान का किया गया शुभारंभ

**जबलपुर।** नगर परिषद् भेड़ाघाट में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ 17 सितम्बर को क्षेत्रिय अध्यक्ष श्री चतुर सिंह लोधी जी के द्वारा महात्मा गांधी जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर स्वच्छता अभियान कार्यालय नगर परिषद् भेड़ाघाट के धुआंधार वीआईपी पार्किंग से धुआंधार जलप्रपात तक चलाया गया और स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने और करने की शपथ ली गई। तथा एक पेड़ मॉ के नाम एवं एक बगिया मां के नाम के तहत वार्ड क्र. 04 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम और सभी अधिकारी कर्मचारी व्यापारी बंधुओ आम नागरिक एवं पर्यटको को स्वच्छता बनाए रखने की एवं भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियानों में अपनी सहभागिता देने हेतु जागरूक किया गया द्य कार्यक्रम में नगर परिषद भेड़ाघाट के अध्यक्ष श्री चतुर सिंह लोधी जी पार्षद श्रीमती संध्या सिंह जी नगर परिषद भेड़ाघाट के अधिकारी एवं स्वच्छता नोडल अधिकारी श्री सुनील बैरागी जी के निर्देशन मे कराया गया। जिसमें नगर परिषद् भेड़ाघाट के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसिडर एवं महिला स्व सहायता समूह सहित नगर परिषद भेड़ाघाट के उद्यान प्रभारी श्री लक्ष्मी नारायण डालचंद सेन शुभम ठाकुर एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चार्जमैन पदोन्नति का रास्ता साफ

**जबलपुर, नवभारत।** आयुध निर्माणी कर्मचारियों को दिल्ली उच्च न्यायालय से बड़ी राहत मिली गैरतलब है कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए टेक्निकल चार्जमैन पदोन्नति मामले में बड़ा फैसला दिया है। ज्ञात हो कि मुरादनगर आयुध निर्माणी के कुछ कर्मचारियों ने हाई स्किल से चार्जमैन पदोन्नति के साथ एमसीएम से चार्जमैन पदोन्नति पर आपत्ति जताते हुए दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। 3 फरवरी 2023 को अदालत ने अंतरिम आदेश पारित कर टेक्निकल चार्जमैन की पदोन्नति प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। इसके चलते देशभर की आयुध निर्माणियों में पदोन्नति प्रक्रिया ठप हो गई थी।सुनवाई में नए एसआरओ को मंजूरी मिल गई जिसमें सीएस द्वारा 13 जून 2024 को संशोधित एसआरओ प्रस्तुत किया गया। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद माननीय न्यायमूर्ति नविन चावला एवं न्यायमूर्ति मधु जैन की खंडपीठ ने 3 सितंबर 2025 को आदेश पारित कर रोक हटाते हुए नए एसआरओ को मंजूरी दे दी। अदालत ने माना कि संशोधित एसआरओ न्यायसंगत है तथा पदोन्नति प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में अब कोई बाधा नहीं है।




# जिले में सबसे अधिक 206 यूनिट रक्तदान

**पाटन ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम चलाया जा रहा है जो की 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक होगा जिसमें की विविध आयोजन शामिल है सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम दिन सिविल अस्पताल पाटन में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें की जिले में सबसे अधिक 206 यूनिट रक्त दानदाताओं द्वारा डोनेट किया गया है कार्यक्रम के दौरान विधायक अजय बिश्नोई उपस्थित रहे जिन्होंने खासकर युवाओं को प्रोत्साहित किया और रक्तदान के लिए आगे आने को कहा उन्होंने कहा कि रक्त की एक-एक बूंद मानव जीवन के लिए किसी वरदान से काम नहीं है ऐसे में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में रक्तदान को लेकर युवाओं में जो जोश देखने को मिल रहा है वह काबिले तारीफ है भाई विधायक अजय बिश्नोई द्वारा रक्तदान करने वाले डोनेटरों को प्रमाण पत्र देकर भी सम्मानित किया गया कार्यक्रम के दौरान एसडीएम मानवेंद्र सिंह बीएमओ डॉ आदर्श बिश्नोई उदय भान सिंह जगेंद्र सिंह आनंद मोहन पल्हा देव कुमार यादव शोभाराम पटेल सहित तमाम प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आम जनमानस उपस्थित रहा ।




# छात्रसंघ चुनाव को लेकर प्रदर्शन

**जबलपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा युवा संघ ने छात्रों की समस्याओं और छात्रसंघ चुनावों की बहाली की माँग को लेकर रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में प्रदर्शन किया। संगठन ने स्पष्ट कहा कि छात्र हित सर्वोपरि हैं और यदि प्रशासन व विश्वविद्यालय प्रबंधन ने गंभीरता नहीं दिखाई, तो संघ चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष नीरज शर्मा ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में छात्रों को प्रतिनिधित्व का अधिकार मिलना चाहिए। छात्रसंघ चुनाव युवाओं की आवाज़ हैं, जिन्हें दबाना किसी भी प्रकार से न्यायोचित नहीं है। उन्होंने माँग की कि विश्वविद्यालय प्रबंधन जल्द से जल्द चुनावों की प्रक्रिया को प्रारंभ करे और विद्यार्थियों की मूलभूत समस्याओं का समाधान करे। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष नीरज शर्मा के साथ मुख्य रूप से अविनाश गोस्वामी, यशराज मौर्य, आयुष राजपूत, पंकज ठाकरे, अश्विनी गुप्ता, ओम शुक्ला, विपिन विश्वकर्मा, आदित्य साहू, रचित नमदेव, ऋषि साहू, सुमित शर्मा, अंकित ठाकुर, हर्ष जैन, सुमित असाटी, आयुष लोदी, अक्षत नमदेव, अक्षय राजपूत एवं करण ठाकुर एवं बड़ी संख्या में छात्र नेता उपस्थित रहे।

# उपभोक्ताओं का निजी डाटा पूरी तरह से सुरक्षित

▸ स्मार्ट मीटर को लेकर पूर्व क्षेत्र कंपनी ने उपभोक्ताओं को दिया संदेश

**नवभारत, जबलपुर।** विद्युत् उपभोक्ताओं को पारदर्शी और वास्तविक खपत आधारित बिलिंग प्रणाली प्रदान करने की दिशा में म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं के घरों एवं प्रतिष्ठानों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। कंपनी द्वारा अब तक लगभग 12 लाख उपभोक्ताओं के यहाँ स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। इस बीच स्मार्ट मीटर को लेकर आम जनता के बीच कुछ भ्रांतियां फ़ैल रही है तथा कुछ संगठनों द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा, उपभोक्ता के डाटा की प्राइवेसी और स्मार्ट मीटर स्थापित करने वाली एजेंसी की विश्वसनीयता को लेकर सवाल उठाये जा रहे हैं। पूर्व क्षेत्र कंपनी ने उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया है कि उनका निजी डाटा पूरी तरह से सुरक्षित है, भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के दिशा निर्देश एवं डेटा संरक्षण नियम के परिपालन में स्मार्ट मीटर का डाटा, भारत में स्थापित क्लाउड डाटा सेंटर में ही रखा गया है। जहां तक स्मार्ट मीटर स्थापित करने वाली एजेंसी अल्फ़ानार के डीपीआईआईटी सर्टिफिकेट का प्रश्न है, अल्फ़ानार भारत में एक कंपनी के रूप में पंजीकृत है तथा इसे 17 मार्च 2023 को भारत सरकार की आरडीएसएस परियोजना की नोडल एजेंसी ग्रामीण विद्युतीकरण निगम लिमिटेड द्वारा स्मार्ट मीटर टेंडरों में भाग लेने के लिए एएमआईएसपी के रूप में पंजीकृत किया गया था। अल्फानार एवं इस्यासॉफ्ट द्वारा कंपनी में चल रही स्मार्ट मीटरिंग परियोजना से सम्बद्ध सभी कर्मचारी भारतीय ही हैं तथा मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के किसी भी अधिकारी के बच्चे इन कंपनियों में सेवारत नहीं हैं। कंपनी ने ये भी कहा है कि अल्फ़ानार इंदौर के टेंडर में निर्धारित समय में वांछित दस्तावेज व स्पष्टीकरण समय पर नहीं दे पाने के कारण अस्वीकृत हुई थी, जबकि मध्य क्षेत्र एवं पूर्व क्षेत्र विद्युत् वितरण कंपनियों में अपेक्षाकृत अधिक समय मिलने के कारण अल्फ़ानार ने सभी वांछित स्पष्टीकरण एवं दस्तावेज निर्धारित समय पर प्रस्तुत कर दिए, जिसके परिणामस्वरूप वह इन दोनों डिस्कॉम्स में क्वालीफाई हो गयी। पूर्व क्षेत्र कंपनी का कहना है कि उपभोक्ताओं को आधुनिकता के साथ उच्च गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान किये जाने के उद्देश्य से ही स्मार्ट मीटर स्थापित किये जा रहे हैं, अतः स्मार्ट मीटर और निर्माता कंपनी के विरुद्ध सभी आशंकाएं निर्मूल हैं, अगर उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर में खपत की गणना को लेकर कोई शंका हो तो वे चेक मीटर लगाकर इसे परख सकते हैं तथा स्मार्ट बिजली ऐप के माध्यम से इस पर सतत् निगरानी रख सकते हैं।

# दुकान इंचार्ज, कर्मचारी पर बोतल से हमला कर फोड़ दिया सिर

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत गंगासागर रोड दुर्गा मंदिर के पास बीती रात मुफ्त में शराब नहीं देने पर शराब दुकान इंचार्ज और कर्मचारी पर बदमाशों ने कांच की बोतल से हमला कर दोनों का सिर फोड़ दिया। इसके बाद धमकाते हुए फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक राजेश गोस्वामी निवासी परसवाडा धनवंतरीनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि घंटाघर के सामने स्थित शराब दुकान में इंचार्ज है। 9 सितम्बर को अमर कुशवाहा एवं सूर्या कुशवाहा घंटाघर स्थित शराब दुकान में आए थे एवं फ्री में शराब मांग रहे थे जिन्हें फ्री में शराब देने से मना कर दिया था तो झूमाझटकी कर चले गए थे। बीती रात 12 :30 बजे जब दुकान बंद करवाकर साथी हरिप्रसाद यादव सदर की शराब दुकान से काम करके लौट रहे थे तीन पत्ती में मिले और वहां से साथ साथ आ रहे थे। गंगासागर रोड दुर्गा मंदिर के पास रुककर दोनों बात कर रहे थे उसी समय अमर कुशवाहा और सूर्या कुशवाहा आए कहने लगे उस दिन शराब नही दिया था और दो हजार रूपए मांगने लगे मना करने पर अमर कुशवाहा शराब की कांच की बोतल सिर में मार चोट पहुंचा दी।

## फरार इनामी बदमाश गिरफ्तार

**जबलपुर।** हत्या के प्रयास का फरार 5 हजार रूपये का ईनामी शातिर बदमाश को रांझी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जिसके कब्जे से 1 पिस्टल एवं 1 कारतूस सहित रंगे हाथ पकडा गया है। टीआई उमेश गोल्हानी ने बताया कि इंद्रा आवास निमार्णाधीन बिल्डिंग के नीचे घेराबंदी कर सौरभ सिंह ठाकुर 24 वर्ष निवास सुभाष नगर झण्डा चौक को पकड़ा गया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। पकडा गया आरोपी अपराधी प्रवृत्ति का है जिसके विरूद्ध हत्या का प्रयास अवैध वसूली, मारपीट, आर्म्स के 1 दर्जन से अधिक अपराध दर्ज है। आरोपी सौरभ पर हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज था जिसमें वह फरार चलरहा था। 5 हजार रूपये का ईनामी था।


## पश्चिम मध्य रेल

वाणिज्य विभाग

**पश्चिम मध्य रेल क्र. जबल/सी/170/ई-ऑक्शन/विविध/25 दिनांकः 12.09.2025**

वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक जबलपुर द्वारा IREPS पर पंजीकृत संस्थाओं से ई-ऑक्शन के माध्यम से विज्ञापन एवं एस एल आर लीजिंग ठेके हेतु बोलियाँ आमंत्रित की जा रही है। ऑक्शन कैटेलाग को IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर प्रकाशित किया जा चुका है जबलपुर मंडल के आगामी ई-ऑक्शन का विवरण निम्नवत है। **श्रेणी:** पार्सल लीजिंग, **कैटेलागः** JBP-C-Par-54, **एसेट विवरणः** जबलपुर मंडल की गाड़ी संख्या -18248-SLR-F1-रीवा-बिलासपुर, 22192-SLR-F1-जबलपुर-इंदौर, 11703-SLR-F1-रीवा-डॉ. अंबेडकर नगर, 20827-SLR-R1-जबलपुर-संतरागाछी, 20152-SLR-F1-रीवा-हडपसर, 22188-SLR-F1-अधारताल-रानी कमलापत्ति, 11702-SLR-F1-जबलपुर-रायपुर, 11706-SLR-F1-रीवा-जबलपुर, 11754-SLR-F1-रीवा-नेताजी सुभाषचंद्र बोस, 12062-SLR-F1-मदनमहल-रानी कमलापति, 12186-SLR-F1-रीवा-रानी कमलापति, 20906-SLR-F1-रीवा-एकता नगर, 11703-SLR-R1-रीवा-डॉ. अंबेडकर नगर, 11651-SLR-F1-जबलपुर-सिंगरौली, 22189-SLR-F1-जबलपुर-रीवा, 11449-SLR-F1-जबलपुर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा, 12187-SLR-F1-जबलपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, 22162-SLR-F1-दमोह-भोपाल, 12160-SLR-F1-जबलपुर-अमरावती, 22190-SLR-F1-रीवा-जबलपुर 19014-SLR-F1-कटनी-भुसावल, 11751-SLR-F1-रीवा-चिरमिरी के पार्सल वैन लीजिंग हेतु ।, **ऑक्शन प्रारंभः** 26-09-2025 12:00 hrs, **ऑक्शन समापनः** 26-09-2025 16:00 hrs, 1. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित जानकारी के लिए रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in. देखे। 2. उक्त ई-ऑक्शन आई. आर. ई. पी.एस. (IREPS) के ई-ऑक्शन मोड्यूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। 3. ई-ऑक्शन सम्बन्धित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि, नियम एवं शर्तें आदि आई. आर. ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है। 4. बोलीदाता IREPS में उल्लेखित दिनांक एवं समय के अनुसार ही ई-ऑक्शन में भाग ले सकते है। 5. सभी संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित किसी भी शुद्धिपत्र हेतु नियमित रूप मे रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in. का अवलोकन करते रहे।

(हस्ता)
कृते मंडल रेल प्रबंधक, (वाणिज्य)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


# कलेक्टर ने लिया संभागीय बैठक की तैयारियों का जायजा



**जबलपुर।** नगरीय विकास एवं आवास तथा जबलपुर संभाग के प्रभारी एसीएस द्वारा 19 सितम्बर को जबलपुर संभाग के विकास कार्यों की समीक्षा की जायेगी। इसी तारतम्य में कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने विभागीय प्रगति व समीक्षा की तैयारियों के संबंध में बैठक कर विभागीय योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा की गई। साथ ही ऊर्जा, एनएचएआई, मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम, एनवीडीए, जल निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, हाउसिंग बोर्ड, उपार्जन, जल संसाधन, नगरीय प्रशासन एवं विकास, स्कूल शिक्षा, जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति विकास, स्वास्थ्य और कृषि विभाग की योजनाओं की समीक्षा कर उनकी प्रगति का जायजा लिया तथा निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर शत-प्रतिशत सुनिश्चित हो।

इसके साथ ही पंचायत एवं ग्रामीण विकास के कार्यों की समीक्षा कर उपलब्धियों की जानकारी ली। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी विभागों के हितग्राहीमूलक व विकास कार्यों की जानकारी की समीक्षा की। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# रक्तदान शिविर का हुआ शुभारंभ



**जबलपुर, नवभारत।** बरगी में सेवा पखवाड़े पर शासकीय प्राथमिक स्वस्थ केंद्र में रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ जांच शिविर आयोजित हुआ। शिविर में रक्तदान कर जरूरत मंद लोगों के लिए सहायता की।

पखवाड़े को नारी स्वास्थ के रूप में भी मनाया जा रहा है, जिसमें महिलाओं एवं बालिकाओं के स्वास्थ को विशेष रूप पफोकस किया, जिसके लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पोषण आहार के लिए जरूरी खाद्य पदार्थों की प्रदर्शनी भी लगाई।

# मृतक के विरुद्ध दायर अपील विचारणीय नहीं : हाईकोर्ट

**जबलपुर।** मप्र हाई कोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा व जस्टिस अनुराधा शुक्ला की युगलपीठ ने अपने एक आदेश में स्पष्ट किया है कि मृतक के विरुद्ध अपील विचारणीय नहीं है। मृतक के कानूनी प्रतिनिधियों के विरुद्ध अपील जारी रखने अपीलकर्ता ने न्यायालय से अनुमति प्राप्त करने का कोई आवेदन दायर नहीं किया है। अपीलकर्ता की ओर से 15 मई 2025 को अपील दायर की गई थी और मृत्यु प्रमाण-पत्र के अनुसार प्रतिवादी की मृत्यु सात दिसंबर 2024 को हो गई थी। इसलिए अपील अस्वीकार किए जाने योग्य पाकर निरस्त की जाती है। दरअसल, अपीलकर्ता जबलपुर निवासी आशा पटेल की ओर से कहा गया था कि उसका विवाह आठ जून 1990 को अशोक कुमार वर्मा से हुआ था।

कुटुम्ब न्यायालय जबलपुर ने एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए अप्रैल 2015 में तलाक की डिक्री पारित की थी। जिसके विरुद्ध अपील दायर की गई है। अपील में कहा गया था कि पति की मृत्यु हो चुकी है। विवाद पति की संपत्ति से संबंधित है।


## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया है कि मैं NEELESH KUMAR AGRAWAL मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम NILESH AGRAWAL है और मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम NEELESH KUMAR AGRAWAL है अतः मुझे मेरे इसी नाम NEELESH KUMAR AGRAWAL के नाम से जाना पहचाना एवं पढ़ा लिखा जावे ।

पुराना नाम
NILESH AGRAWAL
नया नाम
NEELESH KUMAR AGRAWAL

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं MANEESH AGRAWAL पिता SHANKAR LAL AGRAWAL मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम MANEESH KUMAR AGRAWAL है और मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम MANEESH AGRAWAL हैं अतः मुझे मेरे इसी नाम MANEESH AGRAWAL के नाम से जाना पहचाना एवं पढ़ा लिखा जावे ।

पुराना नाम
MANEESH KUMAR AGRAWAL
नया नाम
MANEESH AGRAWAL

## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर

**निविदा-सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO - 514 Date- 17/09/2025 2025_UAD_452062_1 | संभाग क्रमांक-06 डॉ. गोविंद वल्लभ पंत में घोड़ा नक्काश क्षेत्र में पूर्व विधायक निवास की जर्जर गली में पेवर ब्लॉक व चेम्बर लगाने का कार्य। (पार्षद-मद) | तीन माह<br>2.99/-(लाख) | 2000/-<br>2992/- | 09/10/2025 |
| 2 | PRO - 514 Date- 17/09/2025 2025_UAD_452062_2 | संभाग क्रमांक-06 राजीव गांधी वार्ड अंतर्गत कृष्णा कॉलोनी में निम्न स्थान पर नाली निर्माण एवं श्रीमति पुष्पा विश्वकर्मा के मकान से आगनबाड़ी केन्द्र तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य। (पार्षद-मद) | तीन माह<br>4.82/-(लाख) | 2000/-<br>4827/- | |
| 3 | PRO - 514 Date- 17/09/2025 2025_UAD_452062_3 | संभाग क्रमांक-06 राजीव गांधी वार्ड अंतर्गत गली नम्बर 17 में श्री चौबे कोचिंग क्लासेस से अंतिम छोर तक सड़क निर्माण कार्य। (पार्षद-मद) | तीन माह<br>7.51/-(लाख) | 2000/-<br>7512/- | |
| 4 | PRO - 514 Date- 17/09/2025 2025_UAD_452062_4 | संभाग क्रमांक-06 राजीव गांधी वार्ड अंतर्गत कृष्णा कॉलोनी में कुसुम कोष्टा के मकान के सामने सी.सी.सड़क निर्माण। (पार्षद-मद) | तीन माह<br>9.22/-(लाख) | 2000/-<br>9224/- | |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptender.gov.in में पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर**